सार-समाचार

बलराम सत्संग का आयोजन

दौसा। संत सुंदर दास जन्मभूमि विकास संस्थान के के तत्वावधान में रविवार को संत सुंदर दास पैनोरमा में बलराम सत्संग का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने संत सुंदर दास जी व बलराम दास महाराज को नमन करते हुए बलराम सत्संग के घनश्याम दास महाराज, मुरली नाटाणी, घनश्याम रावत, द्वारका महेश्वरा, जगदीश शर्मा, राजेंद्र शर्मा और बलराम सत्संग के सभी का अभिनंदन किया साथ में सत्संग में पधारे जिला खंडेलवाल वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज भिवाल, जिला महिला खंडेलवाल समाज की अध्यक्ष मीना चोकड़ायत, संत सुंदर दास स्मारक समिति के संरक्षक जगदीश छोकरवाड़ा, हरिनारायण चांदपुर, मंत्री संतोष धोकरिया, दौसा जिला वैश्य महा सम्मेलन के महामंत्री गजानंद गर्ग प्रदेश महिला वैश्य मंत्री अर्चना बड़ाया, गीता रावत व अन्य गणमान्य बंधुओं का सम्मान किया। अध्यक्ष मनोहर लाल गुप्ता ने कहा कि संत सुंदर दास जी का स्थान दौसा में धार्मिक दृष्टि से पर्यटन दृष्टि से सर्वोत्तम स्थान है यहां पर संत सुंदर दास जी के द्वारा किए गए कार्यों को प्रेरणा देने हेतु हर 2 महीने में बलराम सत्संग कराया जाएगा। संत सुंदर दास जी की महिमा पूरा देश जानता है इनकी गिनती तुलसीदास जी, कबीर दास जी के बराबर की जाती है। इन्होंने कई चमत्कारी कार्य किये और पूरे देश में 48 ठांथों की रचना कर प्रेरणादायक कार्य किया इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष रतनलाल डंगायच ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गणेश विसर्जन उत्सव सम्पन्न

भरतपुर (निस)। भरतपुर में गौरी गणेश सेवा मंडल पुष्प वाटिका द्वारा विगत 11 वर्षों से लगातार किया जाने वाला गणेश विसर्जन का कार्यक्रम सेवा मंडल के संरक्षक इंजी. जीवनलाल शर्मा, और अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व मैं सैकड़ों महिला, पुरुषों, और युवाओं के साथ बाजे-गाजे के साथ नवग्रह कुंडा मैं हर्ष उल्लास के साथ, गणपति बप्पा मोरिया अब के बरस तू जल्दी के नारे लगाते हुए पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया विसर्जन यात्रा से पहले पुष्प वाटिका कॉलोनी, स्थित मनोज शर्मा के निवास पर सुबह 9 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर भंडारे मैं भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरधारी तिवारी, कांग्रेस के प्रदेश महा मंत्री धर्मेंद शर्मा , जिला महा सचिव योगेश सिंगल, आरएसी कमांडेंड गणपत महावर, युवा उद्योग पति नवीन पाराशर, सर्व समाज महा सवा अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंगल, जाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष, नेम सिंह फौजदार, भाजपा नेता रामनिवास बहनेरा, थानाधिकारी एदल सिंह, राकेश अठावाल, दिनेश चंद शर्मा, रणवीर बहनेरा, रामवीर शर्मा, राजवीर सिंह, सत्या सिंह, दीपक बहनेरा, संगीता शर्मा,ललित चौधरी, धीरज मुद्गल, मनु मुद्गल, हर्ष तिवारी होमेश पिदावली, अंशु भंडौर प्रिंस ख़ेनवार, कुणाल शर्मा प्रियांशु चौधरी, इनके सहित हजारों की संख्या मैं भक्तों ने प्रसादी ठाहण की।

चोर गिरोह कैमरे में दिखा

देवली । इन दिनों,शहर में कई समय से साइकिल चोर गिरोह सक्रिय बना हुआ है । यह सक्रिय कर लोगों के घरों के बाहर कड़ी साइकिलों को निशाना बना रहे है। शहर में ऐसी कई चोरी की वारदातें दिन प्रतिदिन सामने आ रही है। इसी के चलते शनिवार दोपहर विवेकानंद कॉलोनी में वार्ड पार्षद भीमराज जैन के पुत्र मोहांश की साइकिल चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार, मोर्हस पुत्र मुकेश जैन ने दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी साइकिल घर के बाहर खड़ी की थी।और वह घर के अंदर चला गया। इसी बीच, एक अज्ञात व्यक्ति आया और मौका पाकर साइकिल चुराकर फरार हो गया। इसी प्रकार अभी कुछ दिन पहले शहर के गौरव पथ रोड पनवनी पर स्थित ट्राई ओम कोचिंग सेंटर के बाहर से स्टूडेंट नवनीत सेठी कि मोटे टायर वाली साइकिल पर भी चोरों ने हाथ साफ कर लिया था जिसकी रिपोर्ट स्थानीय पुलिस थाने में समय रहते दी गई थी। ऐसे हालातों पर पार्षद भीमराज जैन ने बताया कि उनके पुत्र ने केवल 10 मिनट पहले ही साइकिल खड़ी की थी। इस मामले में भी पार्षद ने शहर के थाना पुलिस को शिकायत दी है। इससे कुछ दिन पहले, सीमेंट व्यापारी सुनील जैन के पुत्र की साइकिल भी पार्श्वनाथ धर्मशाला के बाहर से चोरी हो गई थी। इन वारदातों को देखते हुए, शहरवासियों को साइकिलों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसलिए की स्थानीय पुलिस की पकड़ से साइकिल चोर बाहर है।

हादसे में युवक की मौत

देवली। यहां निकटवर्ती हनुमान नगर थाने के समीप कोटा रोड पर शनिवार रात बस की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई । वहीं दो जने गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार देवली की ओर से एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर हिंडोली थाना क्षेत्र के काबरी गांव को जा रहे थे। वहीं रात को इसी दौरान श्रीमाधोपुर डिपो की रोडवेज बस भी कोटा की ओर जा रही थी। तभी टाटा मोटर्स के सामने संभवतया जाम लगने के चलते बस चालक ने जब बस को पीछे की ओर लिया तो बाइक पर सवार तीनों युवकों के साथ यह हादसा हो गया इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई एवं उसके दो साथी घायल हो गए। ऐसे में हनुमान नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस ने यहां मृतक जसवीर (30) पुत्र भोलूराम रेगर के शव को राजकीय चिकित्सालय देवली में रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह का अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

कोटपूतली । राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी रविवार को जिले के दौरे पर रहे. इस दौरान सिंह ने जिले के अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों और विभिन्न कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कोटपूतली के ग्राम कँवरपूरा में तिल, ग्वार और बाजार की फसलों की स्थिति और ग्राम गोवर्धनपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। सिंह ने जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण हानि, फसल खराबा, आवास संबंधित हानि, पशु क्षति की जानकारी लेकर कहा कि लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जर्जर भवनों, कच्चे मकानों का विशेष ध्यान रखें तथा पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी फील्ड में जाकर समय-समय पर मॉनिटरिंग करें।

प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने कोटपूतली में फसल खराबे का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि हमारी सतर्कता से जनहानि को बचाया जा सकता है, इसलिए पूर्णतः जिम्मेदारी से कार्य करें। सिंह ने कृषि एवं राजस्व विभाग को निर्देश दिए कि खराब हुई फसलों की गिरदावरी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण की जाए ताकि किसानों को शीघ्र मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इस कठिन समय में सरकार उनके साथ खड़ी है।

रामलीलाल 22 से

दौसा। आध्यात्मिक आदर्श रामलीलाल समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रा के दौरान 22 सितंबर से 4 अक्टूबर तक स्थानीय बजरंग मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा।

इधर समिति के पदाधिकारियो ने रविवार को श्राद्रपक्ष शुरु होने से पूर्व सब्जी मंडी स्थित प्रथम पूज्यश्री गणेश जी महाराज की विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को न्यौता दिया।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक शंकर लाल शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, अध्यक्ष धर्माचार्य डॉ. परमेश्वर गंगावत, उपाध्यक्ष अमरेश जाकड़, सचिव पार्षद आचार्य आशीष, डायरेक्टर राकेश शर्मा, संयोजक अशोक सिंघा, कोषाध्यक्ष उमाशंकर गुढाकटला, प्रचार मंत्री बलराम मिश्र, वरिष्ठ कलाकार प्रदीप नागर, प्रवीण शर्मा, पवन शर्मा, सागर, श्याम प्रेमी, विवेक शर्मा, कुश तिवाड़ी उपस्थित थे।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 95 वाहनों का चालान

पावटा । महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज,जयपुर राहुल प्रकाश आईपीएस द्वारा दिनांक 25 अगस्त 2025 से 05 सितंबर 2025 तक चलाये जा रहे अभियान लेन ड्राइव, जागरुकता एवं प्रवर्तन की पालना मे पुलिस अधीक्षक कोटपूतली बहरोड देवेन्द्र कुमार विश्नोई आईपीएस व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजवात आरपीएस व थानाधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा किरण सिंह की उपस्थिति मे अभियान के पहले दिन शनिवार को नेशनल हाइवे सहित विभिन्न स्थानों व मार्गों पर गहनता से चेंकिग की गई।

इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, लेन चेंज, प्रैशर हॉर्न, रॉग पार्किंग, बगैर नंबर प्लेट, रॉग साईड ड्राइविंग व दोपहिया

■ **यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, हमारी और दूसरों की जान की हिफाजत के लिए भी जरूरी है : धनकड़**

वाहन पर ट्रिपल राईडिंग, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ना, बिना हेल्मेट और अन्य यातायात नियमों की उल्लंघन करते पाए जाने पर 43 वाहनों व रविवार को 52 वाहनों का चालान किया गया।

थानाधिकारी पुलिस थाना प्रागपुरा किरण सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना है। सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने से आए दिन हादसे घटित हो रहें है। इनमे काफी लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते है और काफी लोगों की मौत हो जाती है।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। इसके साथ ही यातायात के सभी नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं है। यह हमारी और दूसरों की जान की हिफाजत के लिए भी जरूरी है।

अलवर के पितरों के तर्पण वाले सागर जलाशय पर जिला प्रशासन की रोक

अलवर । देश में सनातन का ढिंडोरा पीटने वाली भाजपा सरकार जो सनातन के नाम और हिन्दुत्व की रक्षा का ढिंडोरा पीटती नही नही थकती क्या उसके राज में हिन्दुओं के मौलिक अधिकार सुरक्षित है इसका जीता जागता उदाहरण अलवर शहर स्थित सागर जलाशय है जिसमें हिन्दु अपने पित्तरों का वर्षो से तर्पण करते आ रहे थे लेकिन अब जिला प्रशासन के कुछ धर्म विरोधी कहे या हिन्दू विरोधी अधिकारियों ने इस सागर जलाशय पर ताला लगा कर हिन्दुओं की भावना पर कुठाराघात किया है जो भाजपा सरकार की पोल खोलने के लिए काफी है।

■ **दशकों से सागर पर शहर वासी करते रहे है पितरो का तर्पण, जिला प्रशासन ने उनका यह हक भी छीना**

यहां पर उल्लेखनीय है सागर जलाशय जिसे राजपरिवार ने सैकडो साल पहले शहर महल के साथ बनवाया था और इस जलाशय में शहर के लोग श्राद्व पक्ष में अपने पितरों का तर्पण वर्षो से करते आ रहे थे यहां काफी त्यौहार भी मनाए जाते रहे है लेकिन शहर और पर्यटक स्थलों की सुन्दरता के नाम पर इस जलाषय पर जिला प्रषासन ने नाजायज रूप से कब्जा करते हुए इसके चारो तरफ जाल लगा कर ताला बंदी कर दी है। जिला प्रशासन और कुछ धर्म विरोधी लोगों ने यह नही सोचा कि इस जलाषय में वर्षो से हिन्दु परिवार अपने पितरो का तर्पण करते रहे है एक प्रकार से यह भारतीय संविधान में नागरिक के मूल अधिकार में आता है लेकिन संविधान द्वारा मिले अधिकार में भी प्रषासन ने ताला ढोक कर हिन्दुओं की आस्था पर कुठाराघात किया है। शहर के निवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अलवर शहर हमेषा से भाजपा के पक्ष में वोट देता आया है ओर उन्हें पता है कि भाजपा हिन्दुवादी पार्टी है लेकिन शहर विधायक एवं दो मंत्री होने के वावजूद श्राद्व पक्ष में हमारे पूर्वज तर्पण को तरस रहे है हमें उन्हें पानी यानि तर्पण भी नही दे पा रहे है यह हमारे नागरिक अधिकार का हनन है। लोगों ने राज्य मंत्री संजय शर्मा और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित जिला प्रषासन से अपील की है कि सागर जलाषय का ताला खुलवाकर हमें पितर तर्पण की अनुमति प्रदान करे।

डोटासरा का भव्य स्वागत

भरतपुर (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कमालपुरा बॉर्डर स्थित सूपा पेट्रोल पंप पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा साहब का जिले की सीमा में पधारने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा सलेमपुर कला भुसावर में शहीद सत्येंद्र सिंह चौधरी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में आए थे। स्वागत कार्यक्रम में जिले के समस्त पीसीसी ,जिला, ब्लॉक, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, सेवादल तथा जनप्रतिनिधियों की ओर से कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने डोटासरा को साफा, 21 किलो की माला, तथा शॉल एवं चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने डोटासरा को संगठनात्मक गतिविधियों का हवाला देते हुए बताया कि जिले में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पीसीसी चीफ डोटासरा ने बरसात के मौसम में भी भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के पधारने पर सभी को धन्यवाद दिया।

सार-समाचार

गणेश महोत्सव का समापन

देवली । यहाँ विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का शनिवार को विशाल शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। शोभायात्रा शहर के अटल उद्यान स्थित टीन शेड स्थल से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्ग गौरव पथ, एजेंसी एरिया, महाराणा प्रताप चौराहा, एसबीआई चौराहा, मुख्य बाजार, छतरी चौराहा, सदर बाजार, ममता सर्कल, किर मोहल्ला होते हुए बनास नदी के तट पर स्थित बोरडा गणेश मंदिर पहुंची। स्थानीय बोरडा गणेश मंदिर में विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति द्वारा सभी समाजों के अध्यक्षों का दुपट्टा एवं साफा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के सुरेंद्र डीडवानिया ने जानकारी में बताया कि विश्व हिंदू परिषद एवं धार्मिक उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय गणेश महोत्सव में इस बार करीब 3 दर्जन से अधिक समाजों ने भाग लिया। इस महोत्सव के अवसर पर शहर में निकली विशाल शोभायात्रा का शहरवासियों ने पुष्प वर्षा भव्य स्वागत किया और यात्रा में शामिल लोगों को जलपान करवा कर पुण्य कमाया। शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ जय घोष के बीच शहर गुंजायमान हो उठा। इसी के साथ बनास नदी के किनारे पर गणपति विसर्जन को देखने आस्था,श्रद्धा एवं विश्वास का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकालकर गणपति की प्रतिमाओं को बनास नदी में प्रवाहित किया गया। सुरेंद्र डीडवानी ने यह भी बताया कि अनंत चतुर्दशी पर गणपति के कार्यक्रमों की धूम रही और बड़ी संख्या में शहर वासियों ने गणपति बप्पा की आराधना की। दस दिन पूर्व गणेश चतुर्थी को अपने घरों और पांडालों में भगवान गणेश को विराजमान कर नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर विराजमान किया हुआ था। ऐसे में महोत्सव के समापन पर निकली विशाल शोभायात्रा के दौरान घोड़ियों का नृत्य और सजीव झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही । शोभायात्रा के दौरान भगवान राम की झांकी, भगवान शिव, गणेश और कृष्ण भगवान की झांकी ने लोगो को आकर्षित किया। वही अनंत चतुर्दशी के मौके पर शहर में लोगों ने भगवान अनंत की पूजा की उन्हें रोठ खीर का भोग लगाया।

सचिन पायलट के जन्मदिवस पर पौधारोपण

भरतपुर (निस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट के 48वें जन्म दिवस पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान की अध्यक्षता में बगीची में पांच पौधे लगाये गए जिनमें मोसमी, कटहल, अमरूद, बेलपत्र व अशोक के व 48 किलो फल केला व अमरूद व सेवा पहलवानों व भक्तों में वितरित किये गये। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, जगदीश बंजी, रेडक्रास के सचिव पवन खंडेलवाल, पूर्व पार्षद ब्रजेन्द्र चीमा, अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा, संजय चंदेला, शिक्षक कांठोस के रामेश्वर सेनी, रमेश पाठक, चन्द्रभान फौजदार, सेवादल के ब्रजेश शर्मा, वीरेन्द्र नागर, संतोषी लाल गर्ग वकील, रमेश सतीजा, बल्लो पहलवान सेह, रामू पहलवान, अर्जुन कोच, मूलचंद बंजी, ओमप्रकाश ठाकुर, जुगल वशिष्ट, श्याम सुन्दर आदि मौजूद रहे। अंत में सचिन पाएलट को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ्य रहने की कामना की व सचिन पाएलट जिन्दाबाद के नारे लगे व सचिन तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं।

नवनियुक्त फार्मासिस्टों ने मनाया स्नेह मिलन समारोह

दौसा। दौसा जिले के नवनियुक्त फार्मासिस्टों का स्नेह मिलन समारोह-2025 रविवार को रावत पैलेस दौसा में आयोजित किया गया। समारोह में फार्मासिस्ट विनोद मीना, देवेन्द्र सैन, मुकेश कुमार, नमोनारायण मीना एवं पुष्पेन्द्र कुमार ने जिले में नवनियुक्त समस्त फार्मासिस्टों को माला, साफ़ा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सीनियर फार्मासिस्टों ने नवनियुक्त फार्मासिस्टों को दवा के दूरुप्रयोग और सेल्फ मेडिकेशन को रोकने के संदर्भ में महती भूमिका बताई। फार्मासिस्ट विनोद मीना एवं देवेन्द्र सैन ने नवनियुक्त फार्मासिस्टों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नवनियुक्त फार्मासिस्ट ब्रजकिशोर सिंह गुर्जर, राजेश चौहान, राजकुमार यादव, मुरलीधर चेजारा, त्रिभुवन कुमार शर्मा, विवेक मीना, नन्द किशोर सैनी, आशीष मीना, योगेश शर्मा, आशीष शर्मा, इशरत ख़ान, मीना चौधरी एवं अन्य सैकड़ों नवनियुक्त फार्मासिस्ट उपस्थित रहें।

50 प्रतिभाएं सम्मानित

राजगढ़ । वैश्य महिला समिति की ओर से रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित कार्यक्रम में 50 प्रतिभाओं का जोरदार स्वागत के साथ सम्मान किया गया।

इसमें 50 प्रतिभाओं का प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इससे पूर्व अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कोषाध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, अनिल बंसल, गोविंद गोयल, बृजेश सर्राफ, दीनदयाल बंसल एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रहलाद अग्रवाल ने संबोधन में कहा कि महिला समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अनुकरणीय पहले है इसमें समाज के अन्य लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने महिला समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर समिति की ओर से सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। इस अवसर पर समिति की ओर से समाज के होनहार बालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर गिर्राज गोयल, सत्य प्रकाश विजय, पदमा गोयल, रेखा रानी गुप्ता, मीना विजय, एवं अन्य महिलाएं मौजूद रही।

'डिग्री प्राप्त करने का साधन ने होकर राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार'

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रो. यशवंतराव केलकर आदर्श प्राध्यापक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. त्रिभुवन शर्मा ने की एवम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर विभाग के प्रचारक उत्कर्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री पूरण सिंह शाहपुरा ने प्रो. यशवंतराव केलकर के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। और कहा कि प्रो. केलकर केवल एक श्रेष्ठ प्राध्यापक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत एवं समाज के लिए आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने विद्यार्थियों के समठा विकास हेतु शिक्षा को जीवन से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने यह संदेश दिया गया कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन न होकर राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है।

प्रो. केलकर का जीवन प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है । विभाग प्रचारक उत्कर्ष के बताया कि कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वे केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के मार्गदर्शक भी होते हैं। वेद, उपनिषद और गीता जैसी महान ठांथों में गुरु को ईश्वर के तुल्य बताया गया है गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर । भारतीय परंपरा में शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का साधन न होकर जीवन मूल्यों, नैतिकता और कर्तव्यबोध का आधार रही है। शिक्षक विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं।

आधुनिक समय में भी शिक्षक का दायित्व है कि वह छात्रों को केवल रोजगारपरक शिक्षा ही न दें, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक और आदर्श मानव बनने की दिशा में प्रेरित करें। इसी क्रम में विश्विद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि आज के परिवर्तित परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है।

शिक्षक समाज की आत्मा को आकार देने वाले शिल्पकार होते हैं, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, मूल्य एवं संस्कारों का निर्माण करते हैं। राष्ट्र निर्माण का आधार सशक्त, शिक्षित और संस्कारित नागरिक हैं, और ऐसे नागरिकों को गढ़ने का दायित्व शिक्षक पर ही होता है।

शिक्षक विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करते हैं। वे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा न देकर जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की भावना का भी विकास करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु को साक्षात ब्रह्म, विष्णु और महेश के समान माना गया है। आचार्य ही वे हैं जो शिष्य के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे राष्ट्र की सेवा हेतु दिशा प्रदान करते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शब्दों में दृष्सच्चा शिक्षक वह है, जो अपने ज्ञान से छात्र के व्यक्तित्व का निर्माण कर उसे आदर्श नागरिक बनाता है।

जिला प्रभारी मंत्री ने अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया

दौसा। जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को दौसा उपखंड क्षेत्र के महेश्वरा खुर्द एवं महेश्वरा कलां गांवों का दौरा कर अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने बांधों की स्थिति, खेतों में हुए जलभराव एवं प्रभावित फसलों को देखा और अधिकारियों को नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने महेश्वरा खुर्द एवं महेश्वरा कलां के बांधों को देखा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से पानी के भराव एवं फसलों की स्थिति पर चर्चा कर फीडबेक लिया। उन्होंने महिलाओं एवं अन्य ग्रामीणों से बातचीत कर ज्यादा बरसात से हुई समस्याओं और नुकसान की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने बाजरे के खेत में जाकर फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया।

प्रभारी मंत्री राज्यवर्धन राठौड ने महेश्वरा खुर्द में बांध का निरीक्षण किया।

■ **अधिकारियों को नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए**

ग्रामीणों ने बताया कि कई खेतों में जलभराव होने की वजह से फसलों को नुकसान हुआ है, जिस पर प्रभारी मंत्री ने उन्हें नियमानुसार नुकसान की भरपाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार को फसल खराबे की जल्द गिरदावरी करवाने के निर्देश दिए।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE

I manju Sharma W/O suresh Sharma resident of plot no 30 shakti vihar borkheda kota that my sons in education documents my name manju Sharma entered but correct name is mukesh kumari . in future called me mukesh kumari for all purposes.

आम सूचना दिनांक-29/3/2025

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अशोक कुमार यादव पुत्र श्री मूलचन्द यादव निवासी ढाढ़ की ढाणी, ग्राम शिकारपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर, महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री नन्दाराम निवासी बागवाली ढाणी, बगरू खुर्द तहसील सांगानेर जिला जयपुर एवं हेमराज यादव पुत्र श्री जगदीश यादव निवासी ग्राम सिमलियावास वाटिका तहसील चाकसू जिला जयपुर ने अपनी संपत्ति प्लाट नंबर 2,3,4,5,6,7,8,9,13, 14,15,16 कुल क्षेत्रफल 907.73 वर्गगज वाके "श्याम कुटुम्ब" आवासीय कालोनी, खसरा नंबर 184 ग्राम श्यामपुरा बुहारिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर के संबंध में रामनरेश नागर पुत्र श्री प्रहलाद नागर निवासी 31/84/05 वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर को विक्रय करने का इकरारनामा दिनांक 26-6-2024 को किया था, लेकिन उक्त क्रेता ने इकरारनामे की पालना में बकाया राशि अदा नही की है। इस कारण उक्त इकरारनामा निरस्त कर दिया गया है। इसलिए कोई भी व्यक्ति / संस्था मेरे अभिभाष्यगण के उक्त प्लाटो के संबंध मे रामनरेश नागर के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार, लिखापढी करने से निषेध रहे। अतः सूचित रहे।
(धर्मवीर चौधरी) छबड़ोकेट मो.-9414778500

खोया पाया

नागरिक गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा आवंटित भूखण्ड संख्याः 85, 86, जैन सिटी, सरना चौड़, जयपुर की मूल रसीदें, अलॉटमेंट लैटर एवं साईट प्लान कहीं गुम हो गये हैं। कृप्या मिलने पर सूचित करें, हेमराज वैष्णव पुत्र भंवरलाल वैष्णव, 9079382272

मेरा प्लॉट नबर A-408 योजना रोहिणी नगर सेकंड ओरिजिनल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कही गिर गए हैं मिलने पर संपर्क करें रिपु दमन सिंह बेदी 8005683802

कार्यालय नगर परिषद लालसोट (दौसा)
Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com,
Ph-01431-260714

क्रमांकः न.प.ला./2025/2889 दिनांकः4-9-25

सार्वजनिक सूचना सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी सतपाल मीना निवासी जयपुर एवं श्री मूलचन्द मीना कल्याण संस्थान जरीये सचिव सतपाल पुत्र बृजमोहन मीना निवासी महारिया तहसील लालसोट के द्वारा ग्राम लालसोट खसरा नम्बर 1642, 1643, 1644, 1646 में 5 बीघा 16 बिस्वा भूमि की आवासीय से संस्थानिक भू उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। उक्त भूमि को पहुंच मार्ग राजस्व रास्ते खसरा नम्बर 174, 184 से पहुंच मार्ग प्राप्त हो रहा है परन्तु प्रस्तावित योजना तक वांछित छोज रोड उपलब्ध नही होने से मास्टर प्लान 2031 की विद्यमान एवं प्रस्तावित 30 मीटर सड़क से खसरा नम्बर 174, 184 राजस्व ग्राम राजोली की अन्तिम सीमा तक उक्त मार्ग को 60 फीट दिया जाना है। अतः राज्य सरकार की जारी अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के प्रोविजन 5.01 [E] (b)/(111) (b) सड़को के प्रस्तवित मार्गधिकार का निर्धारण अनुसार निर्धारित प्रक्रिया (यथा आपत्ति / सुझाव ले-आउट समिति का निर्णय इत्यादि) पूर्ण करते हुये उक्त राजस्व रास्ते से ग्राम राजोली खसरा न. 415/293, 416/293, 417/293, 418/293, 419/293, 298/176. 171, 172, 397/299, 398/299, 399/299, 400/299, 392/299, 302/180, 304/183, 175, 430/182, 431/182, 423/305 का मार्गाधिकार निर्धारित (न्यूनतम 60 फीट) किया जाना है। अतः उक्त प्रस्तावित खसरा नं. 415/293, 416/293, 417/293, 418/293, 419/293, 298/176, 171, 172, 397/299, 398/299,